# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

14 – अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ।

U.P. POWER CORPORATION LIMITED

(CIN : U32201UP1999SGC024928)

संख्या:4690–गोपन–06 / पाकालि / 2018–3–सा0गो0 / 2017 दिनांक: 02 अगस्त 2018

(1) प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल / पूर्वांचल / पश्चिमांचल / दक्षिणांचल / केस्को, विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ / वाराणसी / मेरठ / आगरा / कानपुर ।

(2) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, लखनऊ ।

(3) समस्त निदेशक(वाणिज्य) / (वितरण) / पारेषण / वित्त / तकनीकी / कारपोरेट प्लानिंग / वर्क्स एण्ड प्रोजेक्ट्स / आपरेशन, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 / उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, लखनऊ ।

(4) मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन वि0, लखनऊ ।

**विषयः– प्रतिवेदन वर्ष 2017–18 में अभियन्ता / गैर अभियन्ता अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय आख्या को ससमय प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय ज्ञाप संख्या–839–गोपन–06 / पाकालि / 2018 दिनांक 07 अप्रैल, 2018 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें ।

अवगत कराना है कि प्रतिवेदन वर्ष 2017–18 का समापन होने के साथ ही उक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित समयावधि 15 जुलाई भी समाप्त हो चुकी है । किन्तु कतिपय अभियन्ता / गैर अभियन्ता अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय आख्यायें अभी भी प्रतीक्षित हैं । वार्षिक गोपनीय आख्याओं के ससमय प्राप्त न होने के कारण सम्बन्धित अधिकारियों के सेवा सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण में व्यवधान होने की सम्भावना बनी रहती है। इस सम्बन्ध में आप भलीभॉति अवगत ही हैं कि कारपोरेशन द्वारा अभियन्ता / गैर अभियन्ता अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय आख्याओं / स्वाकनों के प्रस्तुतीकरण एवं मूल्यॉंकन की प्रकिया के निर्धारण विषयक आदेश सं–824–काविनी / राविप–29 / 96– 08–काविनी / 93, दिनांक 18.04.1996 के अनुपालन में विगत में भी वार्षिक गोपनीय आख्याओं को पूर्ण कराये जाने हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये जाते रहे हैं । समुचित दिशा निर्देश इस आशय से प्रेषित किये जाते हैं कि उनका अनुपालन करते हुए अभियन्ता / गैर अभियन्ता अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय आख्याओं को ससमय पूर्ण कराकर कारपोरेशन मुख्यालय को प्रेषित किया जाया। तथापि, यह देखा जा रहा हैं कि कारपोरेशन मुख्यालय द्वारा समय समय पर प्रेषित दिशा निर्देशों के उपरान्त भी निर्धारित समय सीमा के अर्न्तगत कारपोरेशन मुख्यालय को अभियन्ता / गैर अभियन्ता अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय आख्यायें प्राप्त नही हो पा रही हैं, साथ ही कुछ वार्षिक गोपनीय आख्यायें अपूर्ण अवस्था में भी प्राप्त होती हैं, जिन्हें पूर्ण कराये जाने की कार्यवाही में अनावश्यक विलम्ब होता है ।

अतएव उपरोक्त के सम्बन्ध में मुझे पुनः यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रतिवेदक (Reporting) / समीक्षक(Reviewing) / स्वीकृर्ता (अन्तिम) (final) अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि 15 जुलाई की समयसीमा के व्यतीत होने के उपरान्त भी उनके नियंत्रणाधीन अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय आख्यायें कारपोरेशन मुख्यालय को प्रेषित किया जाना लम्बित तो नही हैं, यदि लम्बित हों तो उन्हें अद्यतन पूर्ण कराते हुये तत्काल कारपोरेशन मुख्यालय को अग्रसारित किये जाने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(विनीत कुमार)
अपर सचिव–द्वितीय

.... ... ... 2

संख्या–4690–गोपन–06 / पाकालि / 2018 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग, एस0एल0डी0सी0 प्राँगण, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ ।
(3) समस्त मुख्य अभियन्ता, स्तर–1, स्तर–2, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 / उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 ।
(4) समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 / उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 ।
(5) महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन) / उप–महाप्रबन्धक(लेखा–प्रशासन) / समस्तमुख्य / उपमुख्य / लेखाधिकारीगण उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 / उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, लखनऊ ।
(6) महाप्रबन्धक (औद्योगिक सम्बन्ध), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ ।
(7) समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 / उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0
(6) कारपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन / शक्ति भवन विस्तार के समस्त अधिकारीगण / अनुभाग / शिविर ।
(7) अधिशासी अभियन्ता (वेबसाइट), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया इस पत्र को उप्रपाकालि की वेवसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।

आज्ञा से,

(कैलाश चन्द्र जोशी)
अनुसचिव (गोपन)